# 1. भाषा और व्याकरण

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) भाषा किसे कहते हैं?**

भाषा वह माध्यम है जिसके द्‌वारा हम अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं तथा दूसरों की बात को समझते हैं।

**(ख) मौखिक और लिखित भाषा में क्या अंतर होता है?**

मौखिक भाषा में बोलने वाले और सुनने वाले के बीच में विचारों का आदान-प्रदान होता है। जबकि लिखित भाषा में लिखने वाले और पढ़ने वाले के बीच में विचारों का आदान-प्रदान होता है।

**(ग) लिपि किसे कहते हैं?**

मौखिक भाषा को लिखने के लिए जो चिह्न बनाए गए हैं, उन्हें लिपि कहते हैं।

**(घ) व्याकरण क्या सिखलाता है?**

व्याकरण भाषा को शुद्‌ध रूप में लिखना, पढ़ना और समझना सिखलाता है।

**2. सही शब्द से खाली स्थान भरिए।**

(क) अखबार पढ़ना भाषा का **लिखित** रूप है।

(ख) **व्याकरण** हमें भाषा का शुद्‌ध प्रयोग सिखाता है।

(ग) केरल राज्य में **मलयालम** भाषा बोली जाती है।

(घ) अंग्रेज़ी भाषा की लिपि **रोमन** है।

**3. राज्य और उसकी भाषा को मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) असम | हिंदी |
| (ख) ओडिशा | मराठी |
| (ग) उत्तर प्रदेश | असमिया |
| (घ) महाराष्ट्र | ओड़िया |

**4. सही उत्तर पर  बनाइए।**

(क) भाषा के रूप हैं–

(i) दो  (ii) चार ☐ (iii) पाँच ☐

(ख) हिंदी भाषा की लिपि है–

(i) फ़ारसी ☐ (ii) देवनागरी  (iii) रोमन ☐

(ग) लिखित भाषा को हम समझते हैं–

(i) सुनकर ☐ (ii) बोलकर ☐ (iii) पढ़कर 

**5. वर्ग-पहेली में आठ भाषाओं के नाम छिपे हैं, ढूँढ़कर लिखिए।**

पंजाबी
हिंदी
मराठी
ओड़िया

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पं | जा | बी | हिं | दी |
| म | ओ | ते | लु | गु |
| रा | ड़ि | उ | र्दू | क |
| ठी | या | ज | मि | न्न |
| अ | स | मि | या | ड़ |

तेलुगु
कन्नड़
असमिया
उर्दू

**6. चित्रों को पहचानिए और इनकी भाषा लिखिए।**



पंजाबी



तेलुगु



नेपाली

# 2. वर्ण विचार

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) हिंदी वर्णमाला में कितने स्वर और व्यंजन हैं?**

हिंदी वर्णमाला में ग्यारह स्वर और तैंतीस व्यंजन हैं।

**(ख) संयुक्त व्यंजन कौन-कौन से हैं?**

क्ष, त्र, ज्ञ, श्र चारों संयुक्त व्यंजन हैं।

**(ग) संयुक्त अक्षर कैसे बनते हैं?**

दो व्यंजनों के आपस में जुड़ने से संयुक्त अक्षर बनते हैं।

**(घ) 'र' वर्ण के कौन-कौन से रूप हैं?**

'र' वर्ण के रूप हैं – 'पदेन' और 'रेफ़'।

**2. सही वाक्य में हरा ☐ तथा गलत में ☐ लाल रंग भरिए।**

(क) व्यंजनों की भी मात्राएँ होती हैं। (लाल) ☐

(ख) स्वरों की सहायता से ही व्यंजन पूरे होते हैं। (हरा) ☐

(ग) स्वर और व्यंजन के मेल से संयुक्त अक्षर बनता है। (लाल) ☐

(घ) ऑ आगत ध्वनि है। (हरा) ☐

**3. शब्दों के वर्ण और मात्राओं को अलग करके लिखिए।**

(क) किताब – **क् + इ + त् + आ + ब् + अ**

(ख) टोकरी – **ट् + ओ + क् + अ + र् + ई**

(ग) गमला – **ग् + अ + म् + अ + ल् + आ**

(घ) रूमाल – **र् + ऊ + म् + आ + ल् + अ**

(ङ) चटाई – **च् + अ + ट् + आ + ई**

**4. र के प्रयोग वाले दो-दो शब्द लिखिए।**

(क) ☐ – **सूर्य** **कार्य**

(ख) ☐ – **क्रम** **चक्र**

(ग) ☐ – **ट्रक** **ट्रेन**

**5. संयुक्त अक्षर वाले दो-दो शब्द लिखिए।**

(क) क्ख – **मक्खी** **मक्खन**

(ख) स्त – **स्तर** **मस्त**

(ग) क्त – **भक्त** **रक्त**

(घ) द्‌य – **विद्‌या** **विद्‌यार्थी**

**6. क्ष, त्र, ज्ञ, श्र के दो-दो शब्द लिखिए।**

कक्षा, क्षमा पत्र, त्रिशूल ज्ञानी, ज्ञाता श्रम, श्रद्‌धा।

**7. सही उत्तर पर (✓) लगाइए।**

(क) हिंदी वर्णमाला में स्वर हैं–

(i) पंद्रह ☐ (ii) ग्यारह ☐ (iii) दस ☐

(ख) व्यंजन के ऊपर 'र' लिखने को कहते हैं–

(i) पदेन ☐ (ii) रेफ़ ☐ (iii) मात्रा ☐

(ग) 'अं' और 'अः' को कहते हैं–

(i) अयोगवाह ☐ (ii) अनुनासिक ☐ (iii) चंद्रबिंदु ☐

(घ) इनमें से संयुक्त व्यंजन नहीं हैं–

(i) क्ख ☐ (ii) क्ष ☐ (iii) ज्ञ ☐

# 3. शब्द और वाक्य

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) शब्द किसे कहते हैं?**

वर्णों का वह समूह, जिसका उचित अर्थ हो, शब्द कहलाता है।

**(ख) वाक्य कैसे बनते हैं?**

शब्दों के उचित क्रम में आने से वाक्य बनते हैं।

**(ग) वाक्य की परिभाषा बताइए।**

शब्दों का वह व्यवस्थित समूह, जिसका कोई अर्थ होता है, वाक्य कहलाता है।

**2. शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य लिखिए।**

(क) तोता हरा है खाता मिर्च।

हरा तोता मिर्च खाता है।

(ख) सो रोगी है रहा।

रोगी सो रहा है।

(ग) चुनरी गुलाबी ने चुहिया दी कुतर।

चुहिया ने गुलाबी चुनरी कुतर दी।

**3. चित्र देखकर दो-दो वाक्य लिखिए।**






विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

**4. शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।**



# 4. संज्ञा

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) संज्ञा किसे कहते हैं?**

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान अथवा भाव के नाम वाले शब्द संज्ञा कहलाते हैं; जैसे– हर्षित, खिलौना, दिल्ली, बचपन।

**(ख) जातिवाचक और व्यक्तिवाचक संज्ञा में क्या अंतर होता है?**

जातिवाचक संज्ञा शब्दों से किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, स्थान की पूरी जाति का बोध होता है। जबकि व्यक्तिवाचक संज्ञा से किसी विशेष व्यक्ति, प्राणी, स्थान या वस्तु का बोध होता है।

**(ग) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं?**

जो संज्ञा शब्द व्यक्ति, वस्तु, स्थान के गुण, दोष, स्वभाव, आयु, दशा आदि का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

**2. व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए।**

दोस्ती दुकानदार मिठास वृक्ष स्नेहबाला लालकिला
पशु प्यास आगरा सोहन डॉक्टर उदासी

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| स्नेहबाला | दुकानदार | दोस्ती |
| लालकिला | वृक्ष | मिठास |
| आगरा | पशु | प्यास |
| सोहन | डॉक्टर | उदासी |

**3. भाववाचक संज्ञा शब्द पहचानकर लिखिए।**

(क) गन्ने में बहुत मिठास है। **मिठास**

(ख) राघव को ईमानदारी के लिए इनाम मिला। **ईमानदारी**

(ग) बच्चे की हँसी से घर गूँज उठा। **हँसी**

(घ) मीनू के सिर में दर्द हो रहा है। **दर्द**

(ङ) भूख-प्यास से सबका बुरा हाल था। **भूख-प्यास**

**4. जो शब्द संज्ञा नहीं है, उस पर ( ✗ ) लगाइए।**

(क) पलंग, फ़ोन, चश्मा, अच्छा ( ✗ )

(ख) शहद, जंगल, बंदर, रोना ( ✗ )

(ग) सूरज, बैठना, ( ✗ ) पुलिस, रेलगाड़ी

(घ) भूख, चना, कड़वा, ( ✗ ) हलवाई

(ङ) तरबूज़, समुद्र, पुस्तक, पढ़ना ( ✗ )

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) संज्ञा के कितने भेद हैं?

(i) दो ☐ (ii) छह ☐ (iii) तीन ☐

(ख) कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?

(i) मित्र ☐ (ii) सच्चाई ☐ (iii) मोटा ☐

(ग) 'फूल' शब्द है–


(i) जातिवाचक ☐ (ii) भाववाचक ☐ (iii) व्यक्तिवाचक ☐

(घ) इनमें से व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द है–

(i) पक्षी ☐ (ii) लालकिला ☐ (iii) महल ☐

**6. आओ खेलें खेल, बनाएँ शब्दों की रेल।**

आप एक शहर का नाम लिखिए। आपका मित्र उस नाम के आखिरी अक्षर से दूसरे शहर का नाम लिखेगा।



# 5. लिंग

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) लिंग किसे कहते हैं?**

शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री या पुरुष होने का ज्ञान होता है, उसे लिंग कहते हैं।

**(ख) स्त्रीलिंग और पुल्लिंग में क्या अंतर है?**

पुल्लिंग शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं। जबकि स्त्रीलिंग शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है।

**(ग) निर्जीव वस्तुओं के लिंग की पहचान कैसे होती है?**

निर्जीव वस्तुओं के लिंग की पहचान उनके साथ प्रयुक्त क्रिया या विशेषण से हो सकती है।

**2. इन शब्दों के लिंग लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | बोतल | **स्त्रीलिंग** | (ख) | जहाज़ | **पुल्लिंग** |
| (ग) | डंडा | **पुल्लिंग** | (घ) | बाल | **पुल्लिंग** |
| (ङ) | मिर्च | **स्त्रीलिंग** | (च) | केला | **पुल्लिंग** |

**3. स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग शब्दों के जोड़े मिलाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | बुआ | युवती |
| (ख) | युवक | छात्रा |
| (ग) | पुरुष | चुहिया |
| (घ) | छात्र | फूफा |
| (ङ) | चूहा | महिला |

**4. पंक्तियों में आए स्त्रीलिंग-पुल्लिंग शब्दों को अलग करके लिखिए।**

एक था बंदर, एक थी बंदरिया। एक मदारी दोनों का खेल दिखाता था। मदारी अपनी झोली से डमरू निकालता और उसे बजाने लगता। डमरू बजने पर बंदर कूदने लगता और बंदरिया नाचने लगती। वहाँ खड़े बालक-बालिका भी ज़ोर-ज़ोर से हँसते और तालियाँ बजाते।

**पुल्लिंग –** बंदर, मदारी, खेल, डमरू, बालक

**स्त्रीलिंग –** बंदरिया, झोली, बालिका, तालियाँ

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) **वृद्धा** शब्द स्त्रीलिंग है।

(i) वृद्धा ☐ (ii) वृद्ध ☐ (iii) सेठ ☐

(ख) ________________ पुल्लिंग शब्द है।

(i) कमीज़ ☐ (ii) आलू ☐ (iii) हवा ☐

(ग) संज्ञा के अलावा लिंग की पहचान **आलू** से भी होती है।

(i) विशेषण ☐ (ii) वचन ☐ (iii) शब्द-समूह ☐

(घ) मोर और **मोरनी** नाच रहे हैं।

(i) मोरनी ☐ (ii) चुहिया ☐ (iii) हिरनी ☐

**6. दिए गए शब्दों के पुल्लिंग वर्ग-पहेली में से ढूँढ़कर लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सु | ह | नौ | ना | ग |
| ना | य | क | म | अ |
| र | शे | र | हा | ध्या |
| प | ब | क | रा | प |
| ति | हा | थी | ज | क |

(क) शेरनी शेर

(ख) नागिन नाग

(ग) बकरी बकरा

(घ) नौकरानी नौकर

(ङ) नायिका नायक

(च) पत्नी पति

(छ) महारानी महाराज

(ज) अध्यापिका अध्यापक

(झ) हथिनी हाथी

(ञ) सुनारिन सुनार

# 6. वचन

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) वचन किसे कहते हैं?**

शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।

**(ख) एकवचन और बहुवचन में अंतर बताइए।**

एकवचन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम के एक होने का पता चलता है जबकि बहुवचन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम के एक से अधिक होने का पता चलता है।

**(ग) वचन बदलने पर क्या-क्या बदल जाता है?**

वचन बदलने पर संज्ञा के साथ-साथ क्रिया का रूप भी बदल जाता है।

**2. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | छात्रा | छात्राएँ | (ख) | नदी | नदियाँ |
| (ग) | महिला | महिलाएँ | (घ) | थैला | थैले |
| (ङ) | पौधा | पौधे | (च) | लड़की | लड़कियाँ |

**3. वाक्यों के रंगीन शब्दों का वचन लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | आकाश में **पंछी** उड़ रहे हैं। | **बहुवचन** |
| (ख) | बाग में **फूल** खिले हैं। | **बहुवचन** |
| (ग) | मेरे विद्यालय का **हॉल** बड़ा है। | **एकवचन** |
| (घ) | उसकी **आँखें** बड़ी-बड़ी हैं। | **बहुवचन** |
| (ङ) | यात्री **नाव** पर सवार हो गया। | **एकवचन** |
| (च) | काव्या के पास तीन **गाड़ियाँ** हैं। | **बहुवचन** |


**4. चित्रों के एकवचन और बहुवचन दोनों रूप लिखिए।**



चाबी
चाबियाँ



कुरसी
कुरसियाँ



घोड़ा
घोड़े

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) **तोता** पेड़ पर बैठा है।

(i) तोता ☐ (ii) तोते ☐ (iii) तोतों ☐

(ख) सारे **गुब्बारे** हवा में उड़ गए।

(i) गुब्बारा ☐ (ii) गुब्बारे ☐ (iii) गुब्बारों ☐


(ग) **एक** लड़का गिर गया।

(i) तीन ☐ (ii) एक ☐ (iii) दो ☐

(घ) चार **कमरे** खाली हैं।

(i) कमरे ☐ (ii) थैला ☐ (iii) गमला ☐

**6. चित्र देखिए और लिखिए कौन-सी चीज़ें एक हैं और कौन-सी अनेक।**



| | | |
|---|---|---|
| घोड़ा – एक | चिड़ियाँ – अनेक | खरगोश – अनेक |
| फूल – अनेक | तोते – अनेक | बंदर – अनेक |
| पेड़ – अनेक | हाथी – एक | हिरन – अनेक |

# 7. सर्वनाम

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) सर्वनाम किसे कहते हैं?**

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर आए, उसे सर्वनाम कहते हैं।

**(ख) ऐसे दो सर्वनाम बताइए, जिनका प्रयोग बोलने वाला अपने लिए करता है।**

मैं, हम।

**(ग) संबंध बताने वाले सर्वनाम कौन-से हैं?**

जिसे–वह, जिसकी–उसकी, जैसा–वैसा आदि।

**(घ) प्रश्न पूछने वाले सर्वनाम कौन-से हैं?**

कौन, क्या, किसको आदि।

**(ङ) सर्वनाम का रूप कब बदल जाता है?**

संज्ञा की संख्या एक से अधिक होने पर सर्वनाम का रूप बदल जाता है।

**2. रंगीन शब्दों के स्थान पर उचित सर्वनाम प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए।**

(क) लता कल नहीं आई। **लता** को बुखार था।

लता कल नहीं आई। उसे बुखार था।

(ख) अदिति को पक्षियों से प्यार है। **अदिति** के पास एक तोता है।

अदिति को पक्षियों से प्यार है। उसके पास एक तोता है।

(ग) माँ ने केक बनाया। **माँ** ने सबको दिया।

माँ ने केक बनाया। उन्होंने सबको दिया।

(घ) उमा ने नई फ्रॉक पहनी। **उमा** सुंदर लग रही थी।

उमा ने नई फ्रॉक पहनी। वह सुंदर लग रही थी।

(ङ) रमेश ने **रमेश** के लिए स्कूटर खरीदा।

रमेश ने अपने लिए स्कूटर खरीदा।

**3. सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए।**

(क) कल शायद कोई आएगा।

(ख) जो आएगा वह मिठाई लाएगा।

(ग) मुझे नहीं पता कि कौन आएगा!

(घ) तुम्हें पता हो तो तुम ही बताओ न!

(ङ) अच्छा, तो वही आएगा।

**4. सही सर्वनाम से रिक्त स्थान भरिए।**

(क) अब **तुम** कहाँ जा रहे हो? (तुम/मैं/वे)

(ख) **मेरी** बहन का नाम तन्वी है। (मैं/मेरी/मुझे)

(ग) रवि और **उसका** मित्र बाज़ार गए हैं। (इनका/उन्होंने/उसका)

(घ) **तुम्हारा** घर कितनी दूर है? (उनकी/अपना/तुम्हारा)

**5. उचित सर्वनाम लिखकर इन दोनों मित्रों की बातचीत पूरी कीजिए।**

**नकुल –** कल **मैं अपने** परिवार के साथ हैदराबाद जा रहा हूँ।

**सौरभ – क्या तुम** वहाँ घूमने जा रहे हो?

**नकुल –** नहीं, वहाँ **मेरी** बुआ के बेटे की शादी है।

**सौरभ – तुम, कब** लौटोगे?

**नकुल – हम** सब दो दिन बाद वापस आएँगे।

**6. सही सर्वनाम लिखकर कहानी पूरी कीजिए।**



दो मित्र थे। **वे** जंगल से जा रहे थे। **उन्होंने** सामने से भालू आते देखा। एक मित्र **अपनी** जान बचाने के लिए पेड़ पर चढ़ गया। दूसरा मित्र **पेड़ पर** नहीं चढ़ पाया। **उसे** एक उपाय सूझा। **वह** ज़मीन पर **साँस रोककर** लेट गया। भालू **उसके** पास आया, **उसे** सूँघा और मरा हुआ समझकर चला गया। इस तरह **उसने** भालू से अपनी जान बचाई।

# 8. विशेषण

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) विशेषण किसे कहते हैं?**

संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

**(ख) विशेष्य किसे कहते हैं?**

विशेषण जिन संज्ञा शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेष्य कहते हैं।

**(ग) विशेषण क्या-क्या विशेषताएँ बताते हैं?**

विशेषण संज्ञा-सर्वनाम के गुण-दोष, रूप-रंग, माप-तौल या मात्रा एवं संख्या की विशेषता बताते हैं।

**2. वाक्यों में आए विशेषण शब्दों पर ◯ तथा विशेष्य शब्दों पर ☐ लगाइए।**

(क) पेड़ बहुत घना है।


(ख) मेज़ पर चार पुस्तकें रखी हैं।

(ग) मेरी जेब में दस रुपए हैं।

(घ) रीना मेहनती लड़की है।


(ङ) काले बादल छाने लगे।

**3. विशेषण शब्दों से चित्रों को मिलाइए।**



**4. चित्र के साथ उचित विशेषण शब्द लिखिए।**





रंग–बिरंगी छतरी | खुशबूदार फूल | लाल टमाटर





सुंदर फ्रॉक | ऊँची इमारतें | मेहनती किसान

**5. विशेषण पहचानिए और सही स्थान पर लिखिए।**

हरी घास    थोड़े पैसे    दो किलो चावल    दस पतंगें    अनगिनत तारे
मज़बूत दीवार    ज़हरीला साँप    थोड़ा दूध    थोड़ा घी

| **गुण–दोष** | **संख्या** | **मात्रा** |
|---|---|---|
| हरी घास | थोड़े पैसे | दो किलो चावल |
| मज़बूत दीवार | दस पतंगें | थोड़ा दूध |
| ज़हरीला साँप | अनगिनत तारे | थोड़ा घी |

**6. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) लाल **फूल** मुरझा गया।

(i) फूल ☐ (ii) कपड़ा ☐ (iii) धागा ☐

(ख) दरवाज़ा **खुला** देखकर बिल्ली घुस गई।

(i) बंद ☐ (ii) खुला ☐ (iii) बड़ा ☐

(ग) **थोड़ा** जल पक्षियों को भी दो।

(i) एक ☐ (ii) गंदा ☐ (iii) थोड़ा ☐

(घ) **सारी** पुस्तकें बस्ते में रख लो।

(i) ज़्यादा ☐ (ii) सारी ☐ (iii) थोड़ा ☐

**7. विशेषणों को जोड़कर अपने मित्र के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखिए।**

सुंदर    मेहनती    मधुर    स्वस्थ    स्वच्छ    अच्छा    चुस्त    होशियार

बच्चे स्वयं करेंगे।

# 9. क्रिया

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) क्रिया किसे कहते हैं?**

जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का बोध हो उसे क्रिया कहते हैं।

**(ख) कुछ काम अपने आप होते हैं। ऐसे तीन काम लिखिए।**

1. नदी बह रही है। 2. फूल खिल गए। 3. बारिश हो रही है।

**(ग) क्रिया का रूप कैसे बदल जाता है?**

क्रिया का रूप लिंग और वचन के कारण बदल जाता है।

**2. वाक्यों में आए क्रिया शब्दों को पहचानकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) पूजा रस्सा कूद रही है। | **कूद रही है।** |
| (ख) अहमद नाव चला रहा है। | **चला रहा है।** |
| (ग) माली पौधों में पानी दे रहा है। | **दे रहा है।** |
| (घ) डेविड तैर रहा है। | **तैर रहा है।** |
| (ङ) माता जी चाय पी रही हैं। | **पी रही हैं।** |
| (च) मनप्रीत शतरंज खेल रहा है। | **खेल रहा है।** |

**3. चित्रों को देखिए और क्रिया शब्द से वाक्य पूरे कीजिए।**



रोहन बारिश में **नहा रहा** है।



रोहिणी गाना **गा रही** है।



सड़क पर गाड़ियाँ **चल रही** हैं।



विद्यालय में प्रार्थना **हो रही** है।

**4. सही क्रिया शब्द से रिक्त स्थान भरिए।**

(क) कछुआ **तैरता** हुआ चला गया। (तैरता / सोता / बैठा)

(ख) वीनू रोज़ विद्यालय **जाता** है। (आता / जाता / जाएगा)

(ग) डाकिए ने पत्र **बाँटे**। (बाँटे / फेंके / लिखो)

(घ) किसान हल **चला** रहा है। (जोत / ताड़े / चला)

**5. चित्र देखिए, कविता पढ़िए और सही शब्द चुनकर भरिए।**



बरसा बोले गरजा नाचे नहाए

उमड़-उमड़कर **बरसा** बादल,<br>
देखो कितना **गरजा** बादल।<br>
**नाचे** मोर, पपीहा **बोले** पी-पी-पी,<br>
खूब **नहाए** चुन्नू-मुन्नू, गुन्नू जी।

# 10. क्रिया का काल

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) काल का क्या अर्थ है?**

क्रिया के जिस रूप से कार्य का समय पता चले, उसे काल कहते हैं।

**(ख) काल के कितने भेद होते हैं? उनके नाम बताइए।**

काल के तीन भेद हैं – 1. भूतकाल 2. वर्तमान काल 3. भविष्यत काल

**2. वाक्यों के रंगीन शब्दों का काल लिखिए।**

(क) दादा जी कल मथुरा **गए थे**। **भूतकाल**

(ख) अध्यापिका कल निबंध **लिखवाएँगी**। **भविष्यत काल**

(ग) मित्र ने मुझे उपहार **दिया**। **भूतकाल**

(घ) माँ कपड़े धो **रही हैं**। **वर्तमान काल**

(ङ) मैच समाप्त हो **चुका है**। **भूतकाल**

**3. क्रिया का काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) हम घूमने जा रहे हैं। (भूतकाल में)

हम घूमने गए थे।

(ख) नदी पर बाँध बनाया जाएगा। (वर्तमान में)

नदी पर बाँध बन रहा है।

(ग) पिता जी नई कार लाए। (भविष्यत काल में)

पिता जी नई कार लाएँगे।

(घ) मोहित कल दिल्ली से आएगा। (भूतकाल में)

मोहित कल दिल्ली से आया।

(ङ) भावना बाज़ार जा रही है। (भविष्यत काल में)

भावना बाज़ार जाएगी।

(च) नमन बारिश में भीगेगा। (वर्तमान काल में)

नमन बारिश में भीग रहा है।

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) काल के **तीन** भेद होते हैं।

(i) चार ☐ (ii) तीन ☐ (iii) दो ☐

(ख) सुबह से वर्षा **हो रही है**।

(i) हो रही है ☐ (ii) हुई ☐ (iii) होगी ☐

(ग) काम दो दिन पहले खत्म हो **चुका था**।

(i) चुका रहा ☐ (ii) चुकेगा ☐ (iii) चुका था ☐

(घ) भविष्यत काल में कार्य **आने वाले** समय में होता है।

(i) चल रहे ☐ (ii) आने वाले ☐ (iii) बीते हुए ☐

(ङ) भूतकाल **बीते हुए** समय का कार्य बताता है।

(i) आने वाले ☐ (ii) बीते हुए ☐ (iii) चल रहे ☐

**5. कल आपका जन्मदिन था। आपने जन्मदिन कैसे मनाया। भूतकाल के पाँच वाक्य लिखिए।**



कल मेरा जन्मदिन **था**। पूरा घर गुब्बारों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया **गया**। मेरे पिता जी बाज़ार से केक और मोमबत्तियाँ **लाए**। मित्र भी बहुत-से उपहार लेकर **आए**। अपने माता-पिता दादा जी और मित्रों के साथ मैंने केक **काटा**।

# 11. विलोम शब्द

## देखें कितना सीखा

**1. रंगीन शब्दों के उचित विलोम से रिक्त स्थान भरिए।**

(क) बातें करना **सरल** है, पर काम करके दिखाना **कठिन** है।

(ख) आम **सरदी** में नहीं, **गरमी** में मिलते हैं।

(ग) **झूठ** पर **सच** की सदैव जीत होती है।


(घ) **अँधेरे** में मेरा दम घुटता है, **उजाले** में चलो।

(ङ) दूध बहुत **गरम** है, थोड़ा **ठंडा** करके पिओ।


**2. इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) सुगंध | × | दुर्गंध | (ख) दिन | × | रात |
| (ग) लेना | × | देना | (घ) वीर | × | कायर |
| (ङ) सवाल | × | जवाब | (च) आकाश | × | पाताल |
| (छ) ज्ञान | × | अज्ञान | (ज) विद्वान | × | मूर्ख |

**3. चित्रों को देखिए और विलोम शब्द लिखिए।**



ऊपर × नीचे



दिन × रात



पास × दूर



सरदी × गरमी

**4. सही विलोम शब्द पर गोला लगाइए।**

(क) सूखा – जल, वर्षा, (गीला)

(ख) पाना – (खोना), लेना, अच्छा

(ग) प्रसन्न – खुश, (अप्रसन्न), हँसी

(घ) स्वस्थ – बीमार, (अस्वस्थ), रोगी

(ङ) उदय – (अस्त), छिपना, बढ़ना

(च) विद्वान – (मूर्ख), पढ़ा-लिखा, होशियार

**5. रंगीन शब्दों के सही विलोम पर ( ✓ ) लगाकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) मनुष्य में **गुण** के साथ **दोष** भी होते हैं।

(i) सुख ☐ (ii) गुण ☐ (iii) खुशी ☐

(ख) पत्थर **कठोर** होता है और फूल **कोमल**।

(i) कोमल ☐ (ii) पतला ☐ (iii) सुंदर ☐

(ग) सब **दिन** में परिश्रम करते हैं और **रात** में आराम।

(i) काम ☐ (ii) ऊपर ☐ (iii) दिन ☐

(घ) हिरन **आगे** दौड़ रहा था, शेर **पीछे** दौड़ रहा था।

(i) पीछे ☐ (ii) साथ ☐ (iii) धीरे ☐

**6. शब्दों के विलोम भरकर शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।**

(क) दुख सुख

(ख) मीठा खट्टा

(ग) सीधा उलटा

(घ) इधर उधर

(ङ) वीर कायर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 1 सु | 2 ख |
| | | | | ट् |
| | | 3 उ 4 | ल | टा |
| | | ध | | |
| 5 का | य | र | | |

# 12. पर्यायवाची शब्द

## देखें कितना सीखा


**1. चित्रों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**



नृप, सम्राट



पंकज, नीरज



गज, कुंजर



अग्नि, अनल

**2. रंगीन शब्दों के समानार्थी शब्द से वाक्य पूरा कीजिए।**

(क) **अग्नि** फैल रही है, इस **आग** को बुझाओ।

(ख) **कमल** कीचड़ में खिलता है इसलिए उसे **पंकज** भी कहते हैं।

(ग) **वृक्ष** हमें शुद्ध वायु देते हैं, इसलिए **पेड़** मत काटो।

(घ) उसने **ईश्वर** से कहा, "हे **भगवान**! मेरी रक्षा करो।"

**3. रंगीन शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द पर ( ✓ ) लगाकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) **सागर** का एक नाम **रत्नाकर** है।

(i) रत्नाकर ☐ (ii) सरोवर ☐ (iii) समीर ☐

(ख) **रात** को **शशि** नहीं कहते।

(i) निशा ☐ (ii) रात्रि ☐ (iii) शशि ☐

(ग) **गज**, **कुंजर**, **हस्ती** **हाथी** के पर्यायवाची हैं।

(i) घोड़ा ☐ (ii) हाथी ☐ (iii) सिंह ☐

(घ) अशोक **सम्राट** थे और महाराणा प्रताप **राजा** थे।

(i) राजा ☐ (ii) प्रभु ☐ (iii) रत्नाकर ☐

**4. वर्ग पहेली को पर्यायवाची शब्दों से पूरा कीजिए।**

**बाएँ से दाएँ**

1. वाटिका
3. नदी
4. फूल
7. तालाब
9. सवेरा
10. हाथ
11. नारी
12. सूर्य

**ऊपर से नीचे**

2. आँख
3. राजा
5. आग
6. प्रभु
8. बादल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | प | व | 2 न | 12 र | वि |
| 3 स | रि | ता | य | | |
| म्रा | 4 प्र | सू | न | 5 पा | |
| ट | 6 ई | 7 स | रो | व | र |
| 8 मे | श्व | 9 प्रा | तः | 10 क | र |
| घ | र | 11 म | हि | ला | |

# 13. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

## देखें कितना सीखा

**1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) जो सेवा करता है | **सेवक** |
| (ख) बड़ों की आज्ञा मानने वाला | **आज्ञाकारी** |
| (ग) जो सुन नहीं सकता | **बधिर** |
| (घ) शिकार करने वाला | **शिकारी** |
| (ङ) जो दूसरे देश का हो | **विदेशी** |

**2. एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) ग्रामीण | **गाँव में रहने वाला** |
| (ख) चित्रकार | **चित्र बनाने वाला** |
| (ग) दैनिक | **प्रतिदिन होने वाला** |
| (घ) अल्पाहारी | **कम खाने वाला** |
| (ङ) जलचर | **जल में रहने वाला** |

**3. रंगीन शब्दों के लिए उचित एक शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

सत्यवादी निडर औषधालय कवयित्री

(क) **मैं किसी से नहीं डरने वाला** क्योंकि मैं **निडर** हूँ।

(ख) मेरी सहेली **कविता लिखती** है। वह **कवयित्री** है।

(ग) तुम्हें **औषधालय** में ही दवाई मिलेगी।

(घ) गोपी **सत्य बोलता है**। वह **सत्यवादी** है।

**4. चित्र पहचानकर उनके अनेक शब्दों से मिलाइए।**






जहाँ पुस्तकें रखी जाती हैं

जल में रहने वाले

गाँव में रहने वाला

चित्र बनाने वाला





# 14. शब्द और वाक्य की अशुद्धियाँ

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) भाषा का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग क्या होता है?**

शब्दों का शुद्ध उच्चारण करना तथा लिखना भाषा का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग होता है।

**(ख) शब्द तथा वाक्य की अशुद्धियों का मुख्य कारण क्या है?**

शब्द तथा वाक्य की अशुद्धियों का मुख्य कारण वर्णों और मात्राओं का गलत लेखन तथा उच्चारण है।

**2. शुद्ध शब्द पर घेरा लगाइए।**

(क) दिवार, (दीवार), दीबार

(ख) आर्शीवाद, अशीर्बाद, (आशीर्वाद)

(ग) (रुपया), रुपैया, रूपया

(घ) साहेब, साहिब, (साहब)

(ङ) (आकाश), अकाश, आकास

(च) रिण, (ऋण), ऋन

**3. अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।**

| | अशुद्ध | शुद्ध | | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | प्रसन | प्रसन्न | (ख) | कठीनाई | कठिनाई |
| (ग) | दुरगुण | दुर्गुण | (घ) | बिमार | बीमार |
| (ङ) | करम | कर्म | (च) | हिंदु | हिंदू |

**4. वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | वह घर को जा रहा है। | वह घर जा रहा है। |
| (ख) | राम ने मेरी किताब ले लिया। | राम ने मेरी किताब ले ली। |
| (ग) | बच्चे को काटकर फल दो। | बच्चे को फल काटकर दो। |
| (घ) | मुझको स्कूल जाना है। | मुझे स्कूल जाना है। |

(ङ) श्याम ने पुस्तक खरीदा। श्याम ने पुस्तक खरीदी।

(च) मैं ट्रेन पर बैठ गया। मैं ट्रेन में बैठ गया।

**5. सही वर्तनी पर ☺ बनाइए और रिक्त स्थान भरिए।**

(क) ईश्वर की **कृपा** से सब ठीक है।

(i) किरपा ☐ (ii) कृपा ☺ (iii) क्रपा ☐

(ख) गुरु जी ने सबको **आशीर्वाद** दिया।

(i) आशीर्वाद ☺ (ii) आर्शीवाद ☐ (iii) आर्शीर्वाद ☐

(ग) शिकारी ने पक्षी पर **बाण** चलाया।

(i) वान ☐ (ii) बान ☐ (iii) बाण ☺

(घ) उसकी आवाज़ बहुत **कर्कश** है।

(i) कर्कश ☺ (ii) ककर्श ☐ (iii) कर्कस ☐

**6. अशुद्ध वाक्यों को रेखांकित करके पंक्तियाँ दोबारा लिखिए।**

झूरी के पास दो बैल थे। **उनके** नाम थे – हीरा और मोती। वे झूरी **को** बहुत प्यार करते थे। झूरी भी उनके चारे-पानी का बड़ा ध्यान रखता। एक बार झूरी **की** पत्नी **का** भाई 'गया राम' आया। वह बैलों को ले गया। **उन्हें** गया ने बहुत तंग किया। उन्हें रूखा-सूखा चारा दिया। दोनों बैल वहाँ से भाग **गए**।

# 15. मुहावरे

## देखें कितना सीखा

**1. मुहावरों को उनके अर्थ से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) आँख खुलना | समय नष्ट करना |
| (ख) नाक कटना | ईर्ष्या होना |
| (ग) मक्खी मारना | कुछ गड़बड़ी होना |
| (घ) दाल में काला होना | समझ आना |
| (ङ) जल-भुन जाना | गुस्सा होना |
| (च) खून खौलना | अपमानित होना |

**2. मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**

(क) नाक में दम करना – बहुत तंग करना – छोटे बच्चे ने रो-रोकर माँ की नाक में दम कर दिया।

(ख) बाएँ हाथ का खेल – बहुत आसान काम – छक्का मारना तो विराट कोहली के बाएँ हाथ का खेल है।

(ग) कमर कसना – तैयार रहना – परीक्षा की तैयारी के लिए अब कमर कस लेनी चाहिए।

(घ) हाथ-पाँव फूलना – घबरा जाना – पुलिस को सामने देखकर चोर के हाथ-पाँव फूल गए।

(ङ) सिर पर पहाड़ उठाना – ज़िद करना – गीता ने नई फ्रॉक खरीदने के लिए सिर पर पहाड़ उठा लिया।

**3. चित्रों को पहचानकर सही मुहावरा लिखिए।**


नाक कटना


दाँतों तले उँगली दबाना


मक्खियाँ मारना



पेट में चूहे कूदना



पापड़ बेलना



सिर पर पहाड़ उठाना

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) बनाइए।**

(क) 'आँख लगना' मुहावरे का अर्थ है–

(i) नींद आ आना ☐ (ii) बेहोश होना ☐

(iii) चक्कर आना ☐ (iv) शर्मिंदा होना ☐

(ख) 'बहुत बोलना' किस मुहावरे का अर्थ है?

(i) उँगली उठाना ☐ (ii) अँगूठा दिखाना ☐

(iii) दाँत पीसना ☐ (iv) कान खा जाना ☐

(ग) **'उसे देखकर पिता जी को गुस्सा आ गया'** – रंगीन कथन के लिए मुहावरा होगा–

(i) हाथ पाँव फूलना ☐ (ii) सिर धुनना ☐


(iii) कमर कसना ☐ (iv) खून खौलना ☐

(घ) 'दोष लगाना' के लिए सही मुहावरा होगा–

(i) उँगली उठाना ☐ (ii) अँगूठा दिखाना ☐

(iii) जल-भुन जाना ☐ (iv) मुँह की खाना ☐


**5. इस टोकरी में मुहावरे तोड़कर डाल दिए हैं। इन्हें जोड़कर मुहावरे बनाइए।**





कमर कसना   नौ दो ग्यारह होना   मुँह की खाना

दाँत खट्टे करना   पापड़ बेलना   नाक कटना

**6. दिए गए चित्रों से जुड़े सही मुहावरे पर गोला लगाइए।**



- आँख बंद होना
- आँखों का तारा
- आँखों का दीया
- आँखें मलना



- कानों चने चबाना
- कान खुलना
- कान खड़े होना
- कान रगड़ना

# 16. पत्र-लेखन

## देखें कितना सीखा

पत्रों को लिखने का अभ्यास छात्र स्वयं करें।

# 17. अनुच्छेद-लेखन

## देखें कितना सीखा

बच्चे स्वयं अनुच्छेद लिखने का प्रयास करेंगे।

# 18. चित्र-वर्णन

## देखें कितना सीखा

**1. चित्रों को ध्यान से देखिए और सात-आठ वाक्यों में चित्र-वर्णन लिखिए।**

(क) यह चित्र नदी किनारे का है। चित्र में एक लड़का नदी के किनारे पेड़ की छाँव में एक पत्थर पर बैठा हुआ है। उसके पास मछली पकड़ने का काँटा है जिसे उसने मछलियाँ पकड़ने के लिए नदी में डाला हुआ है। आस-पास बहुत हरियाली है। एक छोटी-सी चिड़िया आसमान में उड़ती दिखाई दे रही है। लड़के के पास एक टोकरी भी रखी है। जिसमें एक-दो मछली रखी हैं।



(ख) यह गाँव का दृश्य है। पहाड़ों पर सूर्य की रोशनी पड़ रही है। पक्षी दूर-दूर तक उड़ान भर रहे हैं। मंदिर के ऊपर एक झंडा लहरा रहा है। झोंपड़ीनुमा घरों की तरफ़ एक कच्चा रास्ता जा रहा है। आस-पास का वातावरण काफ़ी मनमोहक है। चारों तरफ़ हरियाली छाई है।

उस रास्ते पर कोई पैदल तो कोई साइकिल पर जाता हुआ नज़र आ रहा है। एक आदमी बैलगाड़ी में फसल रखकर ले जा रहा है। एक स्त्री कुएँ से पानी खींच रही है तथा दूसरी स्त्री पानी से भरे घड़े ले जा रही है।



# 19. कहानी-लेखन

## देखें कितना सीखा

1. एक किसान था। उसके चार बेटे थे। वे चारों बहुत आलसी थे। किसान उनके आलसी स्वभाव से बहुत परेशान था। एक दिन उसने बेटों को बुलाया। उसने उनसे कहा कि हमारे खेत में धन गड़ा हुआ है। पर बीमारी के कारण वह खेत नहीं खोद सकता। इसलिए वे चारों खेत को खोदकर धन निकाल लें। चारों बेटों ने धन पाने के लालच में सारा खेत खोद डाला। पर उन्हें धन कहीं नहीं मिला। किसान ने बेटों को सलाह दी कि वे खेत में बीज भी डाल दें। चारों ने खेत में बीज भी डाल दिए। वर्षा हुई और किसान के खेत में बहुत अच्छी फसल पैदा हुई। खेत में लहलहाती फसल को देखकर किसान ने चारों बेटों से कहा कि यही वह धन है जो खेत में गड़ा हुआ था। अपनी मेहनत का फल देखकर चारों बेटे बहुत खुश हुए और उन्होंने आलस न करने का वचन दिया।

   **शिक्षा** – मेहनत का फल सदैव अच्छा होता है। आलस मानव का शत्रु है।

2. एक किसान के पास दो घड़े थे। एक घड़े में छोटा-सा छेद था। किसान रोज़ दोनों घड़ों में पानी भरकर कंधों पर टाँगकर लेकर जाता था। पर छेद वाले घड़े में से सारे रास्ते पानी निकलता जाता था। वह घड़ा बहुत उदास रहता था। एक दिन उसने किसान से कहा कि उसने उसे अपने पास क्यों रखा है। वह उसके किसी काम का नहीं है। किसान ने उसे समझाया कि कोई भी चीज़ कभी बेकार या खराब नहीं होती। सब वस्तुओं का अपना महत्त्व होता है। अगले दिन किसान ने छेद वाले घड़े को रास्ते में खिले हुए फूल दिखाते हुए कहा कि ये फूल उसके कारण ही खिले हैं। रास्ते के जिस ओर घड़े से पानी गिरता जाता था। केवल वहीं फूल खिले थे। दूसरी तरफ़ नहीं। यह देखकर घड़ा बहुत खुश हो गया।